# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर – 302018

## Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2722520

क्रमांकः प.8(94)RSSB/प.आ./सूचना सहायक सी.भ.प./2023/389 दिनांकः 21/08/24

**विज्ञप्ति**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के विज्ञापन संख्या 01/2023 क्रमांक 1307 दिनांकः 16.01.2023 के द्वारा सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे। यह परीक्षा दिनांक 21.01.2024 को आयोजित की गई थी। इस सीधी भर्ती परीक्षा के **भाग द्वितीय–कम्प्यूटर आधारित अर्हता टंकण गति परीक्षण का आयोजन दिनांक 27, 28, 29 अगस्त 2024** को निम्न तालिका में अंकित कार्यक्रमानुसार किया जावेगाः–

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | परीक्षा दिनांक | पारी (प्रतिदिन) | परीक्षा का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 2023 फेज–II (टंकण गति परीक्षण)<br>Informatics Assistant Direct Recruitment Exam 2023 Phase-II (Typing Speed Test) | 27-08-2024 से 29-08-2024 (मंगलवार से गुरूवार) | I | प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह् 12:00 बजे तक |
| | | | II | अपरान्ह् 03:00 बजे से सायं 05.00 बजे तक |

अभ्यर्थी जो बोर्ड द्वारा दिनांक 01.07.2024 एवं 18.07.2024 को सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के घोषित परिणाम में परीक्षा भाग–II (टंकण गति परीक्षण) हेतु सूचीबद्व किये गये है, उक्त परीक्षा में भाग ले सकेंगे।

सूचना सहायक टंकण गति परीक्षा के अन्तर्गत दो भाग होंगे, जिनका वर्गीकरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0स0 | विषय | समय | अर्हता हेतु न्यूनतम औसत टंकण गति |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी गति परीक्षण | 15 मिनट | 20 सही शब्द प्रति मिनट |
| 2 | अंग्रेजी गति परीक्षण | 15 मिनट | 20 सही शब्द प्रति मिनट |

अर्हता हेतु दोनों भाषाओ में अलग–अलग निर्धारित न्यूनतम टंकण गति को प्राप्त करना अनिवार्य है।
टंकण गति परीक्षण दो भागों में ली जायेगी एवं प्रत्येक भाग हेतु 15–15 मिनिट का समय दिया जायेगा। प्रथम भाग में हिन्दी भाषा की टंकण गति परीक्षा तथा द्वित्तीय भाग में अंग्रेजी भाषा की टंकण गति परीक्षा ली जायेगी। दोनों परीक्षाओं में 5 मिनट का अन्तराल रहेगा।

**परीक्षार्थी को ई–प्रवेश पत्र हेतु निर्देश :–**

1. बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। उक्त परीक्षाओं के ई–प्रवेश पत्र **अभ्यर्थी दिनांक 21.08.2024 को सायं 6.00 बजे से "प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र" बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in अथवा स्वयं की SSO ID से यथाशीघ्र डाउनलोड कर लें।** अभ्यर्थी अपने **प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र' वेबसाइट** https://recruitment.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड कर सकते है।

   डाउनलोड करने के स्टेप निम्न प्रकार है :–

   1. Enter Url https://recruitment.rajasthan.gov.in/rectlogingetadmitcard
   2. Click on Get Admit Card Option.
   3. Click on Get Admit Card Option of Recruitment to download the admit card.
   4. Enter Your Application number and DOB

**परीक्षार्थी हेतु सामान्य निर्देश :–**

2. इस परीक्ष़ा की विज्ञप्ति संख्या राजकाज 9181079 दिनांक 25.07.2024 के द्वारा परीक्षार्थियों को विस्तृत दिशा निर्देश बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
3. आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की उक्त विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।
4. रेल/बस की छत या पायदान पर बैठकर/खड़े होकर यात्रा नहीं करें। परीक्षा केन्द्र पर एवं यात्रा के दौरान अनुशासन बनाये रखें अन्यथा आपके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर आपकी परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकती है।

5. **अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित परीक्षा समय से 2 घण्टे पूर्व अपनी उपस्थिति दे देवें ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें। परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय से 1 घंटे पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। ठीक 1 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र का प्रवेश द्वार बन्द कर दिया जावेगा एवं इसके पश्चात किसी भी स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा इसलिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखें।**
6. **परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र, एक मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र आधार कार्ड से पहचान सुनिश्चित की जावेगी, आधार कार्ड में जन्म तिथि का अंकन होना आवश्यक है। विशेष परिस्थिति में ही पेनकार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेन्स, मतदाता पहचान–पत्र मे से कोई एक से मिलान किया जावेगा।**
   **उपस्थिति पत्रक पर चस्पा करने हेतु 2.5cm×2.5cm साईज का स्वयं का नवीनतम रंगीन मूल फोटो(जो** Merge, Morphed एवं Tampered **किया हुआ न हो तथा एक माह से अधिक पुराना न हो** ) **एवं नीले रंग की स्याही का एक पारदर्शी बाल पैन साथ लेकर आवें। इनके अलावा कोई अन्य सामग्री परीक्षा केन्द्र पर लेकर नहीं आवें।**
7. परीक्षा केन्द्र में फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी **(Frisking Agency/Biomatrics Device)** से Face Recognition हो जाने एवं सतर्कता दल द्वारा जाँच के उपरान्त ही आपको प्रवेश दिया जायेगा। इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को आप पूर्ण सहयोग दें।
8. परीक्षा केन्द्र में आपको किसी भी प्रकार की घड़ी पहनकर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी, अतः घड़ी पहनकर नहीं आवें। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में अपने साथ नीले रंग का पारदर्शी बॉल पैन के अलावा किसी प्रकार का पैन, पानी की बोतल, पर्स, बैग, ज्योमैट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, तख्ती/पैड/गत्ता, पैनड्राइव, रबर, लॉग टेबिल, स्कैनर, किताबें, नोटबुक, पर्चियां, व्हाइटनर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन एवं पेजर, अन्य किसी प्रकार का संचार उपकरण, स्लाईड रूल, किसी भी प्रकार का हथियार आदि लेकर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा। केन्द्र पर इनके सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण आप इन्हें केन्द्र पर लेकर नहीं आवें।

**परीक्षार्थी के परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ड्रेसकोड :–**

9. ड्रेस कोड एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट पर जारी विस्तृत विज्ञप्ति अवश्य देखें। ड्रेस कोड की पालना नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।
   i. पुरूष अभ्यर्थी आधी आस्तीन के शर्ट/टी–शर्ट, पैन्ट एवं हवाई चप्पल/स्लीपर पहन कर आयेंगे।
   ii. महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साड़ी, आधी आस्तीन का कुर्ता/ब्लाउज, हवाई चप्पल/स्लीपर पहन कर एवं बालों में साधारण रबड बैण्ड लगा कर आवेंगी।
   iii. परीक्षार्थियों को पूरी आस्तीन का कुर्ता, शर्ट, ब्लाउज आदि पहन कर एवं अपनी वेशभूषा में बड़ा बटन, किसी प्रकार के ब्रोच (जडाऊ पिन) या बैज या फूल आदि लगा कर आने की अनुमति नहीं होगी।
   iv. परीक्षार्थी लाख/कांच की पतली चूडियों के अलावा किसी भी प्रकार के जेवरात यथा अन्य प्रकार की चूडियां, कान की बाली (Earring), अंगूठी, ब्रासलेट पहनकर नहीं आयेंगे।
   v. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की घड़ी, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, गण्डा/ताबीज, कैप/हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। सैण्डल, जूते एवं मोजे सभी छोटे टकने (Ankle) तक के पहनकर आने की अनुमति होगी।
   vi. गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा जारी परिपत्र क्रमांकः प.27(14) गृह–1/2008 दिनांक 04.12.2019 के अनुसार सिख धर्म के अभ्यर्थियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीकों को धारण कर परीक्षा में शामिल होने हेतु अनुमति दी जाये किन्तु कृपाण छोटी साइज की एवं कवर्ड होनी चाहिए तथा परीक्षा टेबल पर रखने की अनुमति नही होगी। इस धर्म के अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर दो घन्टा पूर्व उपस्थित होना होगा एवं यदि स्क्रीनिंग के दौरान किसी सिख अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्त वर्णित प्रतीकों में कोई संदेहास्पद उपकरण (Suspected Device) ले जाना पाया जाये तो उसे परीक्षा हॉल में नहीं ले जाने दिया जाये।
   vii. यदि किसी वस्तु को पहनकर आने में या ड्रेस कोड़ में शामिल होने के संबंध में कोई संदेह/विवाद हो तो इस संबंध में केन्द्र पर परीक्षा से जुड़े हुए अधिकारी का निर्णय मान्य होगा।

   उक्त ड्रेस कोड़ में आने पर ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जावेगा।

**परीक्षा में नकल/अनुचित साधनों के उपयोग आदि में संलिप्तता हेतु कठोर कानून :–**

10. परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। परीक्षा में नकल कराने के नाम पर ठगी कराने वाले गिरोह के किसी झांसे/बहकावे में नहीं आवें तथा परीक्षा के संबंध में विभिन्न Social Media पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विचार न करें। परीक्षा संचालन में किसी प्रकार से अनुचित साधनो

का उपयोग एवं अनियमित गतिविधियों (अधिनियम की धारा 2(च) के अन्तर्गत यथा परिभाषित) मे संलिप्तता पायी जाती है तो उनके विरूद्व, **राज0 सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती के अनुचित साधनो की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 एवं (संशोधन) अधिनियम, 2023 (संख्याक 17) के अनुसार 10 लाख से लेकर अधिकतम 10 करोड रूपये तक दंड तथा 10 वर्ष से लेकर अधिकतम आजीवन करावास तक की सजा के प्रावधान है, जिसके अंतर्गत कठोर दंडात्मक कानूनी कार्यवाही की जा सकती है साथ ही ऐसे अभ्यर्थी को आगे परीक्षा देने से विवर्जित (Debar) भी किया जावेगा।**

**परीक्षार्थी हेतु अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :—**

11. परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में किसी कठिनाई की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा उस केन्द्र के जिले से सम्बन्धित परीक्षा समन्वयक एवं जिला नियन्त्रण कक्ष, जिनके दूरभाष नम्बर बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे, से सम्पर्क किया जा सकता है

12. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार—पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।**

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

21.8.24

(डॉ. बी. सी. बधाल)

**सचिव**